शासकीय अध्यापक महाविद्यालय, पनवेल

१४ सितंबर २०२४ हिंदी दिवस समारोह

शासकीय अध्यापक महाविद्यालय, पनवेल और अमरदीप बालविकास फाउंडेशन इन दोनों के संयुक्त तत्वावधान में १४ सितंबर२०२४ को हिन्दी दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दोपहर १२:३० बजे हुआ। दीप प्रज्वलन और महात्मा गांधी जी के प्रतिमा का पूजन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ . सादिका जी, अध्यक्ष एन. डी. खान, आयोजक प्रा. बिजली दडपे और सभी प्राध्यापकों के द्वारा किया गया। इसके पश्चात अविनाश काठवटे और उनके समूह ने सभी उपस्थित जनों का स्वागत गीत से अभिवादन किया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी सजीव बना दिया।

अतिथि परिचय एवं प्रस्तावना महाविद्यालय की आदरणीय प्राध्यापिका मा. बिजली दडपे मैडम ने की। उसके पश्चात अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत बिजली दडपे मैडम द्वारा किया गया। साथ ही सभी प्राध्यापकों का स्वागत द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्राजक्ता और रोहिणी ने हिन्दी दिवस के महत्व को दर्शाते हुए "मीराजी का" एक भावपूर्ण पद गायन किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेषांक विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सादिका , कार्यक्रम के अध्यक्ष एन डी खान हिंदी विभाग प्रमुख प्रा. बिजली दडपे और और उपस्थित सभी प्राध्यापकों के हाथों से किया गया ।

उसके पश्चात हिंदी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सादिका नवाब सहर द्वारा व्याख्यान दिया गया । जिसमें उन्होंने सामाजिक, शैक्षणिक एवं व्यावहारिक स्तर पर हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके विचारों ने सभी उपस्थित लोगों को हिन्दी के प्रति नई दृष्टि प्रदान की। उसके पश्चात मा. अब्दुल सर ने हिंदी दिवस के अवसर पर 'हम हिंदुस्तानी ' यह गीत गाकर और मा.श्री. पाटील सर ने कबीर जी के दोहे गाकर हिंदी दिन के कार्यक्रम को उन्होंने चार चांद लगा दिए।कार्यक्रम के अध्यक्षीय मनोगत महाविद्यालय के आदरणीय अध्यक्ष श्री एन डी खान ने व्यक्त किया। उन्होंने हिन्दी भाषा के विकास और उसके संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

अंत में आभार प्रकट का दायित्व रोहिणी ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" के साथ हुआ, जिससे पूरे समारोह का समापन गरिमामय तरीके से किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राजक्ता पवार द्वारा किया गया। इस प्रकार, हिन्दी दिवस समारोह महाविद्यालय में बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सभी ने हिन्दी भाषा की महत्ता और गौरव को पुनः समझा और सराहा।

Edit with WPS Office

हिंदी दिवस के अवसर पर सरस्वती पूजन एवं महात्मा गांधीजी की प्रतिमा का पूजन करते हुए मान्यवर

इस समारोह के सहयोजक एवं अध्यक्ष मा.श्री.एन.डी.खानजी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के मार्गदर्शक प्रा.बिजली दडपे

प्रा.बिजली दडपे समारोह का प्रास्ताविक एवं मुख्य अतिथी डॉ.सारिका नवाब जी (सहर) का परिचय प्रस्तुत करते हुए कुछ क्षणचित्र.

हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विषय की छात्राध्यापिका संत मीराबाई के पद प्रस्तुत करते हुए कुछ क्षणचित्र.

इस कार्यक्रम के अवसर पर स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए द्वितीय वर्ष छात्राध्यापक

मा.डॉ.सादिका नवाबजी(सहर), प्रा.बिजली दडपे समारोह के अध्यक्ष श्री.एन.डी.खानजी हिंदी विभाग की छात्राध्यापक एवं सभी प्राध्यापको के हाथों हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में बनाया गया विशेष अंक "करो अपनी भाषा पर प्यार" का विमोचन करते हुए कुछ क्षणचित्र



समारोह के मुख्य वक्ता मा.डॉ.सादिका नवाबजी (सहर) हिंदी भाषा का महत्व प्रतिपादित करते हुए क्षणचित्रे

समारोह के अध्यक्ष मा.श्री.एन.डी.खान जी अध्यक्षीय भाषण करते हुए कुछ क्षणचित्र

Edit with WPS Office